**शिकायत** | कांग्रेसियों ने आबकारी अधिकारी को की नामजद शिकायत

# 26 दुकानों में अधिक दामों में बिक रही शराब

**नवभारत, जबलपुर।** कॉंग्रेस युवा नेता विजय रजक के नेतृत्व में सैकड़ो लोगो ने मंगलवार को 2 दर्जन से ज्यादा ग्राहकों के साथ एम आर पी से ज्यादा में शराब बेच रहे 26 दुकानों के नाम जद अलग अलग शिकायत पत्र सहायक जिला आबकारी अधिकारी दृग चंद चतुर्वेदी को सौंपा और और मांग की इन सभी दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए जाएं।

कॉंग्रेस युवा नेता विजय रजक ने आरोप लगाया कि शराब ठेकेदार आशीष शिवहरे द्वारा विगत 1 जून से शहर के लगभग सभी ठेकेदारों का अवैध सिंडिकेट बनाकर पांच ब्रांडों पर 10 से 50 तक की वृद्धि कर 3 महीने तक लूट मचाकर रखा है। ठेकेदारों ने मनमानी करते हुए महंगी शराब के साथ-साथ नियम विरुद्ध तरीके से अहाते भी दुकानों के बाहर सजा रखे हैं, साथ ही दुकान परिसर में बैठा कर शराब पिलाने की व्यवस्था भी दे रखी है जो की आबकारी नीति 2026 के खिलाफ है ।



### हिडन कैमरे में कैद हुई सच्चाई

विजय ने ये भी बताया कि कुछ ग्राहकों की शिकायत पर उनके हिडन कैमरे से 26 दुकानों में खरीददारी कराई गई जिसमें पाया गया कि सभी 26 दुकानों में एमआरपी से अधिक रेट पर शराब बेची जा रही है और सभी जगह अतिरिक्त लिए गए पैसे एक समान है, जिससे यहां सिद्ध होता है कि पूरे शहर में सिंडिकेट एक रेट बनाकर ग्राहकों को लूटा है । इन सभी खरीदारी के वीडियो एवं शिकायत आबकारी अधिकारी को देकर संगठन ने 48 घंटे के अंदर इन दुकानों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि आबकारी विभाग ने 48 घंटे में यदि इन दुकानों पर कारवाही नही की तो शुक्रवार दिनॉंक 11 सितम्बर को आबकारी विभाग के कार्यालय का घेराव कर उपायुक्त संजीव दुबे को चूड़ीया भेंट की जाएगी।

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन में अजय चक्रवर्ती, मोहसिन खान, शुभम रजक, आयुष पहारिया, सुमित गुप्ता, ज़ीशान कुरैशी, सक्षम यादव, तनिष्क राय, रितिक जैन, विनय पटेल, राहुल चक्रवर्ती, देवेंद्र काक्षी, विवेक अहिरवार, गोविंद, कृष्णा, पवन, रेहान, आदि जन उपस्थित थे।

## भरोसेमंद दस्तावेज होने के आवेदन में नही किया है स्पष्ट उल्लेख

**जबलपुर।** याचिका के साथ पेश किये गये दस्तावेजों पर याचिकाकर्ता किस मकसद से भरोसा कर रहा है,इस उल्लेख आवेदन में नही किया गया था। हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल ने पेश किये गये दस्तावेजों पर विचार करने से इंकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि किसानों को पानी सप्लाई में दिक्कत है तो वह स्वयं या याचिकाकर्ता के माध्यम से याचिका दायर कर करते है। हरदा निवासी राम शंकर अंजाने की तरफ से साल 2025 में याचिका दायर की गयी थी। जिसमें कहा गया था कि हरदा के ग्राम उदा के टेल एरिया में तवा नदी की केनाल से पानी की सप्लाई नहीं होने से किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। याचिका में राहत चाही गयी थी कि अनावेदकों को पानी सप्लाई के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये जाये। याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने पाया कि याचिका के साथ साल 2024 में दिया गये अभ्यावेदन की कापी लगाई गयी है।

# सूचनातंत्र को मजबूत करें, लंबित प्रकरणों का निपटारा हो : एसपी

**अपराधों की समीक्षा बैठक में जताई नाराजगी, बोले- लापरवाही नहीं बरतें**



**जबलपुर।** सूचनातंत्र को मजबूत करें। जिससे होने वाली छोटी से छोटी असामाजिक गतिविधियों की जानकारी आपको तुरंत मिल सके। थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आपके द्वारा ली गयी है, बैठक के दौरान जो भी सुझाव आये है उस पर अमल करें, जो समस्याये आयी है उनका निराकरण करें। लंबित प्रकरणों का निपटारा करें। यह बातें पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने पुलिस कन्ट्रोलरूम में अपराध समीक्षा बैठक लेते हुए कहीं।

बैठक में एसपी द्वारा त्रिवार्षिक तुलनात्मक भादवि/ बीएनएस, प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गयी। थानावार लंबित गम्भीर अपराध की विस्तार से समीक्षा की गयी एवं लंबित अपराधों कें निराकरण के सम्बंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । आगे उन्होंने कहा कि सीएम हेल्प लाइन, वरिष्ठ कार्यालयों, जन सुनवाई, की शिकायतों की समीक्षा करते हुये आदेशित किया कि लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करें, इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। लंबित प्रकरणों को देखकर उन्होंने नाराजगी भी जाहिर की।

### टीमें बनाकर भेजे, फरार आरोपी पकड़े

एसपी ने कहा कि गम्भीर अपराध, सायबर फ्रॉड, धोखाधडी सम्बंधी फरार आरोपी, वारंटी जो जिले के बाहर रह रहे है उनकी पतासाजी कर गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाकर जिले से बाहर टीमों को भेजकर अधिक से अधिक फरार आरोपी, वारंटी की गिरफ्तारी करें।

### बंधपत्र का उल्लंघन करने पर कार्यवाही की जाये

एसपी ने कहा कि दो पक्षों में जहॉ जहॉ भी विवाद हुआ है उनके विरूद्ध आवश्यक रूप से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुये सभी का फायनल बाउंड ओवर करवायें, ताकि बंधपत्र का उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष जाखड़ , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-4 अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात अखिलेश तिवारी समेत समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी तथा चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# रेलवन ऐप में रेल यात्रा की पूरी मिलेगी सुविधा

**जबलपुर।** रेल यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग से लेकर ट्रेन की लाइव स्थिति तक अलग-अलग ऐप के झंझट से राहत मिलने जा रही है। जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्रियों को रेलवन ऐप के अधिकाधिक उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आरक्षित, अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग व रद्दीकरण, पीएनआर स्टेटस, ट्रेन की लाइव स्थिति, कोच पोजीशन सहित ट्रेन व स्टेशन से जुड़ी कई सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध हैं। यात्रियों को स्टेशन परिसर में ऐप डाउनलोड करने, लॉगिन और टिकट बुकिंग की प्रक्रिया के साथ डिजिटल भुगतान के फायदे भी बताए जा रहे हैं। ऐप के जरिए ई-कैटरिंग से भोजन, पोर्टर बुकिंग, लास्ट-माइल टैक्सी, शिकायत-सुझाव तथा माई बुकिंग जैसी सुविधाओं का भी लाभ लिया जा सकता है।

### कतार से छुटकारा और टिकट पर आर्थिक लाभ

रेलवन ऐप के जरिए मोबाइल से अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुक होने से यात्रियों को टिकट खिड़की की लंबी कतार से राहत और समय की बचत मिलेगी। खास बात यह है कि ऐप से अनारक्षित टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत तक की छूट का लाभ भी निर्धारित अवधि में यूपीआई, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग समेत स्वीकृत डिजिटल माध्यमों से भुगतान करने पर मिलेगा। पहले यह लाभ केवल आर-वॉलेट भुगतान पर मिलता था।

जबलपुर मंडल द्वारा स्टेशनों पर प्रचार सामग्री के साथ सोशल मीडिया और प्रिंट-डिजिटल माध्यमों से भी ऐप का प्रचार किया जा रहा है। सीआरआईएस द्वारा विकसित रेलवन ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध है तथा रेल कनेक्ट और यूटीएस मोबाइल ऐप के मौजूदा उपयोगकर्ता अपने पंजीकृत विवरण से इसमें लॉगिन कर सकते हैं।

## न तो फ्यूल चार्ज घटा, न ही बिजली दाम घटे, आयोग को इमेल भेजा

**जबलपुर** । 22 सितंबर 2025 से जीएसटी सुधारों (2.0) के बाद बिजली दरों में विरोधाभास रहा है।प्रदेश में बिजली 22 पैसे प्रति यूनिट सस्ती हो जायेगी, यह बचत फ्यूल चार्ज में कमी से आयेगी, यह वादा किया ग या लेकिन न तो फ्यूल चार्ज घाटा और न ही बिजली के दाम घटे। सरकार ने 5 प्रतिशत जीएसटी को बढ़ाकर 18 प्रतिशत की, लेकिन कंम्पेन सेशन सेस 400 रूपया प्रति टन को हटा दिया, इससे कोयला सस्ता हुआ, अतः फ्यूल चार्ज भी घटना चाहिए था, किन्तु उल्टे वह बढ़ गया।यह सच्चाई डॉ.पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि पिछले 8 महिनों में उपभोक्ताओं से वसूले जा रहे फ्यूल चार्ज के विश्लेषण से सामने आयी है।

# दुबई से आई युवती को प्रेम में मिला धोखा, जेवरात, नकदी हड़पी

**सोशल मीडिया में दोस्ती, लिव-इन के बाद गुरुद्वारे में की शादी, अब दहेज के लिए प्रताड़ना**

**जबलपुर।** दुबई में आईटी सॉफ्टवेयर सेल्स मैनेजर के रूप में काम करने वाली एक युवती के साथ जबलपुर में शादी के नाम पर धोखाधड़ी हुई।सोशल मीडिया से युवक से दोस्ती हुई इसके बाद लिव इन के बाद गुरूद्वारे में तलाकशुदा युवक ने उससे शादी रचाई इसके बाद उसे दहेज प्रताड़ना दी बल्कि उसके जेवरात भी हड़प लिए।

गोहलपुर पुलिस के मुताबिक एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दुबई में आईटी सफ्टवेयर सेल्स मैनेजर दुबई में कार्य करती है। 23 साल से दुबई अलमंकूल प्लेट न 509 थाना बर दुबई में ही निवास करती है। सुनील ठाकुर वर्ष सितम्बर 2019 में दुबई में काम करता था सुनील ठाकुर से फेसबुक के जरिए 10 अक्टूबर 2020 में बातचीत हुई।8 नवम्बर को उसे सुनील ठाकुर मिला और दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे थे। वर्ष अप्रैल 2024 में जबलपुर पहुंचे थे।23 फरवरी 25 को दोनों की शादी सिविक सेंटर गुरुद्वारा जबलपुर में सभी रिश्तेदारों की मौजूदगी में हुई थी। शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ना दी गई। साथ ही उसके जेवरात, नगद पांच लाख रूपए रख लिए गए। पति तलाकशुदा था जिसकी उसे जानकारी नहीं दी गई थी। सुनील के द्वारा दहेज की मांग कर उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।

### नर्स की लूटी अस्मत, शादी से मुकरा प्रेमी

मदनमहल निवासी नर्स को साथ में काम करने वाले कर्मचारी ने पहले प्रेम जाल में फंसाया इसके बाद वह उसे शादी का झांसा देकर उसकी अस्मत लूटता रहा। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो वह वादे से मुकर गया। पुलिस के मुताबिक अमनपुर गंगा सागर दुर्गा मंदिर के पास मदन महल निवासी युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह निजी अस्पताल में नर्स स्टॉफ है ।वही पर अभिराज सिंह भी काम करता है।अभिराज सिंह से 6 वर्षों से उसकी जान पहचान हुई थी। इसके दोनों के बीच दोस्ती हुई जो प्रेम में बदल गई। अभिराज ने शादी का झांसा देकर दमोह नाका शांति नगर शिवम गुप्ता के मकान में उसके साथ शरीरिक संबध बनाये थे।इसके बाद लगातार वह उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो वह वादे से मुकर गया।

**एक नजर में**

### शराब के जखीरे समेत दो तस्कर पकड़ाए

**जबलपुर ।** चरगवां पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई है। टीआई सरोजनी चौकसे टोप्पो ने बताया कि गुररहा के जंगल सीएम राईज स्कूल के पास घेराबंदी कर बाइक क्रमांक एमपी 20 जेड बी 3808 से आ रहे चालक विजय ठाकुर 30 वर्ष निवासी रमपुरी एवं पीछे बैठे सुनील ठाकुर 23 वर्ष निवासी रमपुरी को पकड़ा गया । तलाशी लेने पर 15-15 लीटर वाली चारों केन में 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली।

### श्रीमती चेतना दुबे का निधन



**जबलपुर।** आईटीआई माढ़ोताल निवासी पं. अशोक दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती चेतना दुबे का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंत्येष्टि तिलवारा घाट में संपन्न हुई जिसमें सभी गणमान्यों ने श्रद्धांजलि दी।

# अंतरधार्मिक विवाह को लेकर कलेक्ट्रेट बना छावनी

**सुबह से शाम तक रही हलचल, शाम को विवाह आवेदन निरस्त**

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर कलेक्ट्रेट कार्यालय मंगलवार को अंतरधार्मिक विवाह के एक मामले को लेकर दिनभर छावनी में तब्दील नजर आया। सुबह से ही कलेक्ट्रेट परिसर में भारी हलचल रही और विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता वहां एकत्रित रहे।

मामला अधारताल निवासी मोहम्मद शफीक एवं नेहा रैकवार द्वारा स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत प्रस्तुत विवाह आवेदन से संबंधित था। मंगलवार को विवाह पंजीयन अधिकारी के समक्ष उक्त आवेदन पर आपत्तियों एवं पक्षकारों के तर्कों को सुनने का समय निर्धारित था। सुबह से ही विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता तथा सनातन धर्म से जुड़े अधिवक्ता कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद रहे। शाम करीब 5 बजे मुस्लिम पक्ष के लोग विवाह पंजीयन अधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए। नेहा रैकवार की मां शीला रैकवार की ओर से अधिवक्ता विवेक तिवारी ने विवाह आवेदन पर आपत्ति प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष रखा। अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मोहम्मद शफीक पर नेहा के माता-पिता के साथ मारपीट करने, उन्हें तेजाब से जलाने की धमकी देने तथा अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आपत्ति पक्ष की ओर से यह भी कहा गया कि मोहम्मद शफीक पूर्व में नेहा को अपने साथ ले जा चुका है और घर से गहने चोरी किए जाने के संबंध में भी आरोप लगाए गए हैं। अधिवक्ता विवेक तिवारी ने विवाह पंजीयन अधिकारी के समक्ष तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि परिस्थितियों को देखते हुए नेहा के माता-पिता की सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है तथा भविष्य में किसी अप्रिय घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने विवाह आवेदन को निरस्त किए जाने की प्रार्थना की।

## 11 केवी फीडर के 19 पोल से तार गायब

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत खिरकाखेड़ा में चोरों ने धावा बोलकर 11 केवी भमकी पंप फीडर के 19 पोल का विद्युत तार पार कर दिया। इस चोरी से विद्युत विभाग को लगभग 1 लाख 80 हजार रुपये का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सहायक अभियंता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहपुरा के लाइनमैन संदीप मुड़िया ने उन्हें सूचना दी थी कि खिरकाखेड़ा क्षेत्र में लाइन का निरीक्षण करने पर 11 केवी भमकी पंप फीडर के 19 खंभों से बिजली के तार गायब मिले।

## नक्शा काटने पर अधेड का हंगामा, पटवारी को धमकाया

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत पंचायत भवन सिंगलदीप में अधेड ने नक्शा काटने को लेकर हंगामा मचाया बल्कि पटवारी को धमकाते हुए उसके ऊपर दबाव बनाया । पुलिस ने रिपोर्ट पर शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न करने का प्रकरण दर्ज कर लिया है । पुलिस के मुताबिक मंगलवार को विष्णु सिंह धुर्वे 58 वर्ष निवासी सिंगलदीप ने लिखित शिकायत की वह तहसील पनागर में हल्का पटवारी के पद पर पदस्थ है। दोपहर लगभग 2-30 बजे अपने हल्का में शासकीय काम कर रहा था तभी सुनील उपाध्याय 55 वर्ष निवासी सिंगलदीप का ग्राम पंचायत भवन सिंगलदीप में आकर किसी नक्शा काटने को लेकर उसके ऊपर दबाव बनाने लगा, उसने कहा कि नक्शा कट चुका है आप अपील सक्षम अधिकारी के पास करें, इसी बात को लेकर सुनील उपाध्याय उसके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये जान से मारने की धमकी देकर उसके शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया एवं बोला कि दुबारा हल्का में दिखा तो जान से खत्म कर देगा।

# ननि जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं पर लिया एक्शन

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण का सशक्त माध्यम साबित हो रही है। जनसुनवाई में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ मिलकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 38 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से राजस्व और स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी कई समस्याओं का अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही समाधान कर आवेदकों को राहत पहुंचाई। निगमायुक्त ने शेष सभी आवेदनों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण हल करने के निर्देश संबंधित विभागीय प्रमुखों को दिए। प्राप्त शिकायत जिसमें अतिक्रमण विभाग 09, भवन शाखा 09, स्वास्थ्य विभाग 05, राजस्व विभाग 03, कॉलोनी सेल 02, संपदा शाखा 02, संभाग क्रमांक 01 की 02, संभाग क्रमांक 03, 12 एवं 15 01-01, स्मार्ट सिटी, पी.एम.ए.व्हाय. एवं बाजार प्रकोष्ठ 01-01 हैं। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेई, सौरभ मिश्रा, उपायुक्त जनसुनवाई वेद प्रकाश चौधरी, अंकिता जैन, शिवांगी महाजन, नवीन लोनारे, गुलाब इमवाती, सुनील दुबे, विष्णु, देवेंद्र पटेल, असद, सतीश मिश्रा सहित सभी विभागों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कई इलाकों में नगर निगम का चला आवारा श्वानों को पकड़ने का अभियान

**जबलपुर।** शहरवासियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और पशु कल्याण को संतुलित करते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर में श्वान बधियाकरण और एंटी-रेबीज टीकाकरण के विशेष अभियान को गति दे दी है। नगर निगम की इस सकारात्मक पहल से न केवल नागरिकों को आवारा श्वानों के आतंक और बीमारियों के खतरे से राहत मिलेगी, बल्कि श्वानों के वैज्ञानिक प्रबंधन और देखरेख को भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

# सतर्कता से टली संभावित दुर्घटनाएं 5 रेलकर्मियों को मिला पुरस्कार

**जबलपुर।** रेल परिचालन के दौरान सतर्कता और त्वरित निर्णय लेकर संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले पश्चिम मध्य रेल के पांच कर्मचारियों को महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने अगस्त 2026 के 'उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार' से सम्मानित किया।

सम्मान पाने वालों में जबलपुर मंडल के वरिष्ठ ट्रेन मैनेजर सिया राम, टेक्नीशियन-2 पवन कुमार चौबे, भोपाल मंडल के टेक्नीशियन-1 दुर्गा प्रसाद, पॉइंट्समैन सुनिक कुमार तथा कोटा मंडल के स्टेशन अधीक्षक शिवचरण मीणा शामिल हैं। इन कर्मचारियों ने ड्यूटी और गश्त के दौरान हॉट एक्सल, वैगन में टूटे फ्लोर पेंच व चिंगारी, ब्रेक वैन के टूटे सेंटर पिवट गाइड तथा रेल वेल्ड फेलियर जैसी तकनीकी खामियों को समय रहते पहचानकर तत्काल सुरक्षात्मक कार्रवाई की, जिससे रेल परिचालन को सुरक्षित रखने में मदद मिली। महाप्रबंधक ने कर्मचारियों की सजगता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि रेलवे में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे कर्मचारी पूरे जोन के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मनोज गुरमुखी, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर एकनाथ मोहकर, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी अजय कुमार पाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**हुनर** | सेंट्रल जेल के 12 कैदियों की टीम ने बनाईं खूबसूरत ईको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं

# जिन हाथों में कभी थे अपराध के दाग, आज वही हाथों ने दिखाया हुनर

**जबलपुर।** कभी जिन हाथों ने कानून तोड़ा और अपराध की राह चुनी, आज वही हाथ श्रद्धा, आस्था और पर्यावरण संरक्षण की एक नई इबारत लिखी हैं। दरअसल गणेश उत्सव के पावन आगमन को लेकर तैयारियां ज़ोरों पर हैं, वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस सेंट्रल जेल, कैदियों ने अपनी रचनात्मकता और हुनर की खूबसूरत मिसाल पेश की है।





जेल की चारदीवारी के भीतर बंद कैदियों ने अपने अतीत के अंधेरे को पीछे छोड़ते हुए इस साल भी पर्यावरण संरक्षण का बड़ा संदेश देते हुए आकर्षक ईको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं तैयार की हैं। इन मूर्तियों को पूरी तरह प्राकृतिक मिट्टी से बनाया गया है, ताकि विसर्जन के बाद ये जलस्रोतों को किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुँचाएँ। कैदियों ने हुनर का ऐसा अनोखा प्रदर्शन किया है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। गणेश उत्सव के लिए जेल की सलाखों के पीछे बंद इन कैदियों ने बेहद खूबसूरत और आकर्षक ईको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं तैयार की हैं। जेल प्रशासन की सकारात्मक पहल के बाद कैदियों की सोच और जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। जिन उंगलियों पर कभी अपराध का ठप्पा था, आज वे मिट्टी को भगवान गणेश का मनमोहक स्वरूप दिया हैं। यह न सिर्फ कैदियों के आत्म-सुधार की कहानी है, बल्कि विसर्जन के बाद प्रकृति को नुकसान न पहुँचाने का एक पवित्र संदेश भी है।

जेल उप अधीक्षक मदन कमलेश ने बताया कि इस रचनात्मक पहल का मुख्य उद्देश्य कैदियों को अपराध की मानसिकता से बाहर निकालकर सकारात्मक कार्यों की ओर मोड़ना है। उन्होंने जानकारी दी कि इस साल 12 कैदियों की एक विशेष टीम ने पूरे समर्पण के साथ लगभग 150 ईको-फ्रेंडली प्रतिमाएं बनाई हैं। मिट्टी और प्राकृतिक चीजों से बनी इन मूर्तियों की बनावट और फिनिशिंग इतनी शानदार है कि इनकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है। कैदियों के हाथों से सजी इन मूर्तियों को आम जनता तक पहुँचाने के लिए जेल परिसर के बाहर एक विशेष स्टॉल लगाया गया है। इन हुनर की गूंज अब जबलपुर शहर की सीमाओं को लांघ चुकी है। अब बाहरी शहरों से भी इन मूर्तियों के बड़े-बड़े ऑर्डर मिले हैं। लोग न सिर्फ भगवान गणेश की प्रतिमाएं खरीद रहे हैं, बल्कि अपराध छोड़ हुनर की राह पकड़ने वाले इन कैदियों के जज्बे को सलाम भी कर रहे हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा, जिला जबलपुर (म.प्र.)

E-mail-ID- cmosihora@mpurban.gov.in फोन नं.- 07624-230440, 230030

क्रं./न.पा./2026/2891 | ई - निविदा आमंत्रण सूचना | सिहोरा, दिनांक :- 08/09/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि न.पा. परिषद सिहोरा क्षेत्रान्तर्गत ई-टेण्डर के माध्यम से निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण अनुसार यू.ए.डी.डी. की प्रचलित दर अनुसूची दिनांक 02 अगस्त 2021 एवं दिनांक 08/11/2025 से प्रभावशील अद्यतन आई.एस.एस.आर. के अनुसार कम/अधिक प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र शुल्क | श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_534597_1 | वार्ड क्रमांक 11, सिहोरा में राजेंद्र शुक्ला के मकान से नीरज मिश्रा के मकान तक RCC नाली निर्माण कार्य | 335689/- | 3400/- | 2000/- | New PWD Reg. | 03 माह |
| 2026_UAD_534596_1 | वार्ड क्रमांक 09, सिहोरा में अशोक दुबे के मकान से गणेश गोंटिया के मकान तक RCC नाली निर्माण कार्य | 593814/- | 6000/- | 2000/- | New PWD Reg. | 03 माह |
| 2026_UAD_534595_1 | वार्ड क्रमांक 09, सिहोरा में गणपत चौधरी के मकान से जितेंद्र के मकान तक RCC नाली निर्माण कार्य | 160066/- | 3300/- | 1000/- | New PWD Reg. | 03 माह |
| 2026_UAD_534592_1 | वार्ड क्रमांक 10, सिहोरा में रामराज पटेल के मकान से अटल भवन तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 200475/- | 2100/- | 2000/- | New PWD Reg. | 03 माह |
| 2026_UAD_534590_1 | वार्ड क्रमांक 09, सिहोरा में बाबाताल श्मशान घाट परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य | 548548/- | 5500/- | 2000/- | New PWD Reg. | 03 माह |

शर्ते :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर किया जाएगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 09.09.2026 सायं 5:30 बजे से 28.09.2026 सायं 5:30 बजे तक खरीदे जा सकेंगे।
2. ऑनलाइन निविदा खोलने की दिनांक 30.09.2026 समय 5:30 बजे रखी गई है।
3. अमानत राशि, हेड कॉपी केवल ऑनलाइन जमा की जानी है। निविदा खोलने की दिनांक 30.09.2026 को रखी जाएगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिहोरा
जिला जबलपुर (म.प्र.)